# प्रादर्श प्रश्नपत्र –I
## विषय – हिन्दी सामान्य (401)
## कक्षा 10वीं

समय – 3 घण्टे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक – 75

---

सामान्य निर्देश :–

(1) प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ है जिसके तीन खण्ड है – अ, ब,स प्रत्येक प्रश्न के 01अंक दिये जायेंगे।

(2) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। आवश्यक शब्द सीमा 30 शब्द तथा निर्धारित अंक 03।

(3) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। आवश्यक शब्द सीमा 50 शब्द तथ निर्धारित अंक 03।

(4) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। आवश्यक शब्द सीमा 75 शब्द तथा निर्धारित अंक 04।

(5) प्रश्न क्रमांक 16 से 17 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। जिसके लिए आवश्यक शब्द सीमा 100 शब्द है तथा निर्धारित अंक 05।

(6) प्रश्न क्रमांक 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। जिसके लिये आवश्यक शब्द सीमा 250 से 300 तथा निर्धारित अंक 08।

प्रश्न क्रमांक 1 (अ) :– नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।

(1×5=5)

(1) नर्मदा का उद्गम स्थल है –
(अ) अमरकंटक　　(ब) कश्मीर
(स) इलाहाबाद　　(द) छत्तीसगढ़

(2) विश्व का सबसे बड़ा जनतंत्र –
(अ) भारत　　(ब) जापान
(स) इंग्लैण्ड　　(द) रूस

(3) मिट्टी से कलाकृतियाँ बनाना हैं –
(अ) ऋणशिल्प　　(ब) हस्त शिल्प
(स) काष्ठ शिल्प　　(द) ताम्र शिल्प

(4) 'गृह प्रवेश ' के कवि के मन की व्यथा क्या है –
(अ) अकेलापन　　(ब) गरीबी
(स) बेरोजगारी　　(द) घर की कमी

(5) ' जीवन का झरना ' कविता में मुख्य रूप से कौन –सा गुण हैं?
(अ) प्रसाद गुण　　(ब) ओजगुण
(स) माधुर्य गुण　　(द) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न क्रमांक 1 (ब) :— रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए — (1×5=5)

(1) '' चंद्रग्रहण से लौटती बेर '' कविता में मुख्य रूप से.........................अलंकार का प्रयोग हुआ है।

(2) 'कंधे डालना 'का अर्थ ..........................................हैं।

(3) घीसा नाम पड़ने का कारण..........................................................था।

(4) सिकुमार के पिता का नाम ..........................................................था।

(5) हिन्दी साहित्य का स्वर्ण—काल ..................................................को कहा जाता है।

प्रश्न क्रमांक 1 (स) :— उचित संबंध जोड़िए — (1×5=5)

| अ | ब |
|---|---|
| (1) शहीद वीरनारायण सिंह | (अ) वीरगाथा काल |
| (2) शील के बरवै छंद | (ब) ज्ञान प्रकाश विवेक |
| (3) साध | (स) सोनाखान |
| (4) जेबकतरा | (द) शेषनाथ शर्मा 'शील ' |
| (5) आदिकाल | (ई) सुभद्रा कुमारी चौहान |

प्रश्न क्रमांक 2 :— मानसरोवर के काल को स्वर्णिम कमल कहने का क्या आशय हैं? (2)

प्रश्न क्रमांक 3 :— लड़की को दान देते वक्त माँ को अंतिम पूंजी देने जैसा दुःख क्यों हो रहा है? (2)

प्रश्न क्रमांक 4 :— तुरतुरिया नामक स्थान क्यों प्रसिध्द हैं? (2)

प्रश्न क्रमांक 5 :— मायका एवं ससुराल के बीच की स्थिति को कवि ने पातर प्रान क्यों कहा हैं। (2)

प्रश्न क्रमांक 6:— रीतिकाल के दो कवि एवं उनकी एक— एक रचना के नाम लिखिए। (2)

प्रश्न क्रमांक 7:— 'बगुला' समाज के किस वर्ग का प्रतीक है और उनकी किन विशेषताओं को रेखांकित करता हैं? आज के समाज में यह उदाहरण कितना प्रासंगिक है? (3)

प्रश्न क्रमां 8 :— मधुलिका का चरित्र — चित्रण लिखिए। कोई —3 (3)

प्रश्न क्रमांक 9 :— '' धरती के हीरा '' से आप क्या समझते हैं।अपने विचार प्रकट कीजिए। (3)

प्रश्न क्रमांक 10 :— आधुनिक काल की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। (3)

प्रश्न क्रमांक 11 :— '' सबका दुःख अलग— अलग होता हैं, किस —किस तरह के दुख के अनुभव आपने किए हैं? उन्हें लिखिए। (4)

अथवा

मजदूर नहीं होते तो हमारी दुनिया के विकास कार्यो का क्या होता? कल्पना कर अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न क्रमांक 12 :– छत्तीसगढ़ की जनता की बीच वीर नारायण सिंह की लोकप्रियता के कारण क्या हैं? (4)

अथवा

गृह प्रवेश कविता में अतिथियों और चिड़ियों में क्या समानताएँ बतायी गयी हैं? लिखिए। (कोई –4)

प्रश्न क्रमांक 13 :– राम रतन धन को जनम जनम की पूंजी कने का आशय क्या है? लिखिए।

अथवा

''भाई रे! ऐसा पंथ हमारा '' कविता में दादू के पंथ के बारे में क्या –क्या बताया गया हैं? (4)

प्रश्न क्रमांक 14 :– निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ कीजिए – (4)

'' निर्झर में गति है, यौवन है, वह आगे बढ़ता जाता है।
धुन सिर्फ एक है चलने की, अपनी मस्ती में गाता है।
बाधा के रोड़ो से लड़ता वन के पेड़ो से टकराता।
बढ़ता चट्टानों पर चढ़ता, चलता यौवन से मदमाता।
लहरें उठती हैं, गिरती हैं, नाविक तट पर पछताता है।
तब यौवन बढ़ता है, आगे निर्झर बढ़ता ही जाता है। ''

अथवा

'' मृदृल कल्पना के चल पँखों पर हम तुम दोनों आसीन।
भूल जगत के कोलाहल को रूप लें अपनी सृष्टि नवीन।।
वित विजन के शांत प्रांत में कल्लोलिनी नदी के तीर।
बनी हुई हो वहीं कहीं पर हम दोनों की पर्ण कुटीर।।
कुछ रूखा – सूखा खाकर ही पीते हो सरिता का जल।
पर न कुटिल आक्षेप जगत के करने आवें हमें विकल।। ''

प्रश्न क्रमांक 15 :– निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या कीजिए – (5)

'' गोधूलि, उसके अनुसार पराजय की घड़ी थी, जब पराजित तथा निराश स्त्री – पुरूष अपने को लोगों की नजरों से छिपा कर यहाँ आ बैठते थे। ऐसी घड़ी में उनके हाव– भवा, वेशभूषा में कोई कृत्रिमता नहीं होती थी। ''

अथवा

'' पाँच कौड़ी बाबू बोले – '' खैर पुस्तकें तो मैं कहीं से लेकर पढ़ लूँगा, पर चूँकि अब तुम लेखक हो गये हो इसलिए मेरी तीन बातें ध्यान में रखना। एक तो जो लिखना से अपने अनुभव से लिखना। अपनी रचना को लिखने के बाद तुरंत ही किसी को दिखाने, सुनाने या सलाह लने की आदत मल डालना। कहानी लिखकर तीन महीन तक अपनी दराज में डाल दो और फिर ठंडे मन से स्वंय ही उसमें सुधार करते रहो। इससे जब यथेष्ट संतोष मिल जाये तभी अपनी रचना को दूसरों के सामने लाओ।''

प्रश्न क्रमांक 16 :– नगरों में कल –कारखानों से प्रदूषण में हो रही वृध्दि को रोकने हेतु किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपनी बड़ी बहन के विवाह की तैयारियाँ संबंधी जानकारी देते हुए अपनी सहेली/दोस्त को पत्र लिखिए।

प्रश्न क्रमांक 17 :– निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (कोई – 5) (5)

'' स्वतंत्रता आंदोलनों में वीरों का ही नहीं, वीरांगनाओं का भी पूर्ण योगदान था। ऐसी ही एक वीरांगना थी – रानी लक्ष्मीबाई।'' उनके सामने डटे स्मिथ ने उनकी प्रशंसा में कहा, – '' उन सबमें रानी सबसे अधिक वीर थीं।''

काशी नगरी में जन्मी लक्ष्मीबाई के बचपन का नाम मनु था। 19 नवम्बर 1835 में भागीरथी बाई की कोख से जन्मे मनु में पिता मोरोपंत ताम्बे की वीरता का अंश था। मनु को बचपन से ही घुड़दौड, तीर चलाना, तलवारबाजी, भाला फेंकना आदि वीरोचित खेलों का शौक था। सात वर्ष की उम्र में ही वह अस्त्र – शस्त्र चलाने में कुशल हो गई। झाँसी के राजा गंगाधर राव से वैवाहिक बंधन में बँधकर वह लक्ष्मीबाई कहलाई। 1851 में एक पुत्र का जन्म हुआ जो तीन माह बाद ही चल बसा। गंगाधर राव उत्तराधिकारी की चिन्ता में डूब गये। उत्तराधिकारी के लिए उन्होंने अपने कुटुम्बीय वासुदेव नेवालकर के पुत्र आनंदराव को गोद लेकर उसका नाम दामोदर राव रखा। ''

प्रश्न–
(1) लक्ष्मीबाई का जन्म कब और कहाँ हुआ?
(2) लक्ष्मीबाई का बचपन कैसे बीता?
(3) मनु लक्ष्मीबाई कैसे बनी?
(4) गंगाधर राव की चिन्ता का क्या कारण था?
(5) रानी लक्ष्मीबाई की प्रशंसा में स्मिथ ने क्या कहा?
(6) रानी लक्ष्मीबाई के माता–पिता का क्या नाम था?
(7) झाँसी का उत्तराधिकारी किसे बनाया गया?
(8) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक बताइये।

प्रश्न क्रमांक 18 :– निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए।

(1) प्लास्टिक : एक ज्वलंत समस्या।
(2) छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल।
(3) नर हो न निराश करो मन को।
(4) मोबाइल फोन का हमारे जीवन पर प्रभाव।
(5) समाज में स्त्रियों की बदलती भूमिका।

———000———